मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेल रोड, भोपाल

क्रमांक/मंडी कार्मिक/अ-1/710/380 भोपाल दिनांक 08/04/2022

//आदेश//

म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल के आदेश क्रमांक/मंडी कार्मिक/अ-1/700/113-114 दिनांक 28.01.2022 के सरल क्रमांक 6 अनुसार श्री उमाशंकर अग्निहोत्री, मंडी निरीक्षक/ प्रभारी सचिव, कृषि उपज मंडी समिति सीधी जिला सीधी को समान पद एवं वेतनमान में प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित कर कृषि उपज मंडी समिति सौसर जिला छिन्दवाडा मे पदस्थ किया गया था।

उक्त स्थानातंरण आदेश से व्यथित होकर श्री उमाशंकर अग्निहोत्री मंडी निरीक्षक/ प्रभारी सचिव, कृषि उपज मंडी समिति सीधी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर मे याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी 3416/2022 दायर किया गया। मान0 उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा दिनांक 23.02.22 को अंतरिम आदेश पारित कर स्थानांतरण आदेश दिनांक 28.01.2022 को आगामी सुनवाई तक के लिये स्थगित किया गया ।

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 3416/2022 में दिनांक 15.03.2022 को अंतिम आदेश पारित कर याचिका कर्ता को 07 दिवस में अभ्यावेदन प्रस्तुत करने तथा सक्षम प्राधिकारी को 15 दिवस में अभ्यावेदन का निराकरण करने के निर्देश दिये गये थे।

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा उक्त पारित आदेश दिनांक 15.03.2022 के परिपालन में श्री उमाशंकर अग्निहोत्री, मंडी निरीक्षक/ प्रभारी सचिव, कृषि उपज मंडी समिति सीधी द्वारा अभ्यावेदन दिनांक 17.03.2022 को प्रस्तुत कर सौसर किया गया स्थानांतरण 600 किलोमीटर की अधिक दूरी होने तथा परिवारिक कारणों से स्थानातरण निरस्त अथवा रीवा संभाग के अन्तर्गत कृषि उपज मंडी समिति रीवा, बैकुण्ठपुर अथवा हनमुना किये जाने का अनुरोध किया गया।

प्रकरण की समीक्षा करने पर पाया गया कि श्री उमाशंकर अग्निहोत्री, मंडी निरीक्षक/ प्रभारी सचिव, कृषि उपज मंडी समिति सीधी में दिनांक 28.10.17 से पदस्थ थे। मंडी समिति सीधी में लगभग 04 वर्ष से अधिक समय से पदस्थ होने एवं इनके विरूद्ध शिकायत तथा विभागीय जॉच प्रचलित होने के कारण रीवा संभाग के अन्तर्गत की मंडियों में पदस्थ न करते हुए कृषि उपज मंडी समिति सीधी से मंडी समिति सौसर किया गया स्थानांतरण आदेश दिनांक 28.01.2022 में आंशिक संशोधन करते हुए समीपस्थ कृषि उपज मंडी समिति देवेन्द्रनगर जिला पन्ना में पदस्थ किया जाता है।

(प्रबंध संचालक द्वारा अनुमोदित)

8.4.22

(एस0बी0 सिंह)

अपर संचालक (कार्मिक)

म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड,

भोपाल

क्रमांक/मंडी कार्मिक/अ-1/710/381 भोपाल दिनांक 08/04/2022

प्रतिलिपि

1- विशेष सहायक मान. मंत्री जी किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग सह-अध्यक्ष मंडी बोर्ड।

2- निज सहायक प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय भोपाल।

3- अपर संचालक (नियमन/विधि) मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय भोपाल।

4- संयुक्त/उप संचालक मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड आंचलिक कार्यालय रीवा/जबलपुर/सागर।

5- चीफ प्रोगामर मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय भोपाल।

6- भारसाधक अधिकारी/सचिव कृषि उपज मण्डी समिति सीधी जिला सीधी/सौसर जिला छिन्दवाडा/देवेन्द्रनगर जिला पन्ना।

7- श्री उमाशंकर अग्निहोत्री, मंडी निरीक्षक/ प्रभारी सचिव, कृषि उपज मंडी समिति सीधी की ओर पालनार्थ।

8- आदेश नस्ती/व्यक्तिगत नस्ती/नियमन/विधि शाखा मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल।

8.4.22

अपर संचालक (कार्मिक)
म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

charde ji /DR._Order_Bahal